प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- अब से कुछ घंटों बाद थम जाएगा छठे चरण के चुनाव प्रचार का शोर, 25 मई को चार सीटों पर होने वाले मतदान में सुरक्षा के लिए विभिन्न राज्यों की बत्तीस कंपनियां रहेंगी तैनात।

2- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दोपहर जमशेदपुर में करेंगे रोड शो, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन घाटशिला में जनसभा को करेंगी संबोधित।

3- जेईई एडवांस्ड की परीक्षा रविवार 26 मई को, रांची में बनाए गए चार केंद्रों में दो हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल।

4- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम में चल रहे एफआईएच प्रो लीग मुकाबले के शूटआउट में अर्जेंटीना को 5–4 से हराकर बनाई बढ़त।

5- आज झारखंड समेत देशभर में शांति और सद्‌भाव के साथ मनाया जा रहा है बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।

*****************

झारखंड में अब से कुछ ही घंटों बाद लोकसभा के छठे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान थम जाएगा। राज्य की चार सीटों रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह में 25 मई को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इन चारों संसदीय सीटों पर कुल तिरानबे उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सुरक्षा के लिए बूथों पर विभिन्न राज्यों के पुलिस बल की बत्तीस कंपनियां तैनात की जा रही हैं। चुनिंदा मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। चारों सीटों के लिए पोलिंग पार्टियां कल से बूथों पर रवाना की जाएंगी। इधर हमारे धनबाद संवाददाता ने खबर दी है कि मतदान के दिन निगम क्षेत्र में सारी पार्किंग मुफ्त होगी। वहीं शाम छह बजे और अगले दिन मतदान का प्रमाण दिखाने पर पार्कों में शुल्क नहीं लिया जाएगा।

*****************

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब से थोड़ी देर बाद जमशेदपुर में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के पक्ष में रोड शो करेंगे। भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि श्री साय दोपहर दो बजे साकची स्थित बोधी मंदिर मैदान से रोड शो की शुरुआत करेंगे। यह रोड शो स्टेट महल रोड होते हुए एग्रिको मैदान पहुंचकर संपन्न होगा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन आज जमषेदपुर के घाटषिला में चुनावी सभा करेंगी।

*****************

हजारीबाग के भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी की ओर से जारी शो–कॉज नोटिस पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। पार्टी ने 20 मई की शाम उन्हें नोटिस जारी कर मताधिकार का इस्तेमाल न करने और चुनाव–'प्रचार में रुचि न लेने पर उनसे जवाब देने को कहा था। श्री सिन्हा ने जवाब में कहा है कि उन्होंने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान किया क्योंकि वे निजी कारणों से विदेश में थे। उन पर वोट न देने का आरोप लगाना गलत है। वहीं उन्होंने शो–कॉज नोटिस का पत्र मीडिया में जारी करने पर हैरानी जताते हुए कहा कि मुझे पार्टी के किसी कार्यक्रम या रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संथाली लेखक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्री मुर्मू ने ओलचिकी लिपि विकसित कर संथाली भाषा को एक नई पहचान दी। राष्ट्रपति ने कहा कि संथाली भाषा के विकास में श्री मुर्मू के योगदान के कारण लोगों के लिए अवसर बढ़े हैं और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत होने का अवसर मिला है।

*****************

जेईई एडवांस्ड की परीक्षा रविवार 26 मई को आयोजित की जा रही है। राजधानी रांची में परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। इस बार परीक्षा में करीब दो हजार परीक्षार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। यह परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी, जिसमें पहली पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे परीक्षा ली जाएगी।

*****************

झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों की कक्षा में उपस्थिति की जांच की जाएगी। इसे लेकर राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया कि है विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति पूरे सत्र के दौरान पचहत्तर फीसदी होना अनिवार्य है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************

साहिबगंज जिले में शहरी इलाकों के विस्तार और बढ़ती आबादी को देखते हुए समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता –

साउंड बाईट – आनंद कुमार ओझा – 49 सेकेंड

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले के कांड्रा थाना में अमलगम कंपनी के सुरक्षाकर्मियों पर एक ट्रक चालक को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, कंपनी ने ट्रक चालक पर माल की हेराफेरी करने का मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज करायी गयी है। मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

*****************

राजधानी रांची में विश्व शांति के लिए काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था आनंदमार्ग के प्रवर्तक श्री श्री आनंदमूर्ति का एक सौ तीसरा जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आचार्य देवानंद अवधूत ने बड़ी संख्या में उपस्थित अनुयायियों को संबोधित कर मानवता का पाठ पढ़ाया।

*****************

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम के एंटवर्प में एफआईएच प्रो लीग मुकाबले के शूटआउट में अर्जेंटीना को 5–4 से हरा दिया। शूटआउट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह ने दो–दो गोल किए जबकि अभिषेक ने एक गोल किया। मुकाबले में निर्धारित समय के अंत तक दोनों टीमें 2–2 से बराबरी पर थीं। मनदीप सिंह और ललित कुमार उपाध्याय ने भारत के लिए दो फील्ड गोल किए। जबकि अर्जेंटीना के लुकास मार्टिनेज और टॉमस डोमेने ने पेनॉल्टी कॉर्नर से टीम के लिए गोल किया। भारतीय टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में आज शाम मेजबान टीम बेल्जियम से भिड़ेगी।

*****************

कोडरमा के सैनिक स्कूल तिलैया में आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। अंडर 17 बालक वर्ग में सैनिक स्कूल ईस्ट सियांग अरुणाचल प्रदेश, अंडर 17 बालिका वर्ग में सैनिक स्कूल संबलपुर ओडिशा और अंडर 15 बालक वर्ग में सैनिक स्कूल कुंजपुरा हरियाणा की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में चैम्पियन बनी तीनों टीमें रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि के तौर पर सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलेंगी। एक सप्ताह तक चली इस प्रतियोगिता में उन्नीस सैनिक स्कूलों के पांच सौ खिलाड़ियों ने अपने कला–कौशल का प्रदर्शन किया।

*****************

झारखंड समेत देशभर में आज भगवान बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, सद्भाव और मानवता तथा सभी प्राणियों के प्रति प्रेम का संदेश

दिया है।  उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षा नैतिक आचरण, मानसिक अनुशासन और प्रज्ञावान जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है।

<u>******समाप्त*******</u>